न्यायालय सहायक कलक्टर (मु0) धौलपुर

पीठासीन अधिकारी – डॉ साधना शर्मा (आर0ए0एस0)

प्रकरण संख्या : 08 / 2024

1. झम्मनसिंह पुत्र देवीराम जाति त्यागी निवासी ग्राम तोर दानियाल तहसील व जिला धौलपुर

---- वादिया

बनाम

1. महेन्द्रसिंह पुत्र चंदनसिंह जाति त्यागी निवासी ग्राम तोर दानियाल तहसील व जिला धौलपुर

-----मूल प्रतिवादी

2. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार महोदय धौलपुर वहैसियत लैण्ड होल्डर

----- तरतीवी प्रतिवादी

दावा बटवारा काश्त अन्तर्गत धारा 53,आर.टी.

निर्णय

दिनांक 29.07.2024

वादी ने विरूद्ध प्रतिवादीगण दिनांक 22.03.2024 को एक राजस्व वाद बाबत् बटवारा काश्त न्यायालय में पेश किया। जो राजीनामा के आधार पर दिनांक 17.05.2024 को प्रांरम्भिक रूप से डिक्री किया गया, तथा तहसीलदार धौलपुर से विभाजन प्रस्ताव तलब किये गये। तहसीलदार धौलपुर ने पत्रांक 469 दिनांक 19.07.2024 से विभाजन प्रस्ताव न्यायालय में प्रेषित किये है। तहसीलदार धौलपुर के द्वारा प्राप्त हुए प्राप्त विभाजन प्रस्तावों पर वकील वादी की बहस सुनी गई, वकील वादी ने विभाजन प्रस्ताव पर अपनी सहमति जाहिर की, एवं मुताबिक विभाजन प्रस्ताव दावा वादी डिक्री किये जाने का निवेदन किया।

हमने वकील वादी की बहस का मनन किया एवं तहसीलदार से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजातों का अवलोकन किया विभाजन पक्षकारों के दर्ज हिस्से अनुसार ही है। विभाजन प्रस्ताव के अवलोकन से स्पष्ट है उभयपक्ष ने पढ़ सुन व समझकर विभाजन प्रस्ताव पर अपनी सहमति के हस्ताक्षर किये है। ऐसी स्थिति में दावा वादी मुताबिक विभाजन प्रस्ताव अंतिम रूप से डिक्री किया जाना न्यायोचित समझते है।

अतः आदेश है कि दावा वादी मुताबिक विभाजन प्रस्ताव अंतिम रूप से डिक्री किया जाकर पक्षकारों को विवादित आराजी खसरा नम्बर 15 रकवा 1.2519 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 256 रकवा 0.6828 हैक्टेयर स्थिति ग्राम तोर दानियाल तहसील व जिला धौलपुर में निम्नानुसार पृथक– पृथक खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है।

खातेदार का नाम	खसरा नम्बर	रकवा
1. झम्मनसिंह पुत्र देवीराम जाति त्यागी	15 / 1	0.6259 है0
साकिन देह खातेदार	256 / 1	0.3414 है0
रहिन केनरा बैंक शाखा धौलपुर।।		
2. महेन्द्रसिंह पुत्र चंदनसिंह जाति त्यागी	15 / 2	0.6260 है0
साकिन देह खातेदार	256 / 2	0.3414 है0

सहायक कलक्टर (मुख्यालय)

कुल किता 4 रकबा 1.9347 हैक्टेयर बाकै ग्राम तोर दानियाल तहसील व जिला धौलपुर कुल लगान 4.70 रूपये।

उपरोक्तानुसार ही पक्षकारों के खाते एवं लगान पृथक– पृथक कायम किये जाने के आदेश दिये जाते है। एवं झम्मन के हिस्से में आये खसरा नम्बर पर केनरा बैंक शाखा धौलपुर।। के राहिन के इन्द्राज बदस्तूर रखे जावे। विवादित आराजी के कुल लगान 4 रूपये 70 पैसे के बीस गुना राशि पर देय मुद्रांक कर 09 रूपये 40 पैसे के ... ज्यूडिशियल स्टाम्प पेश होने पर पर्चा डिक्री जारी हो पत्रावली फैसलशुमार होकर न... कम हो तथा दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर आज दिनांक 29.07.2024 को खुले न्या... में सुनाया गया ।

(डॉ साधना शर्मा)
सहायक कलक्टर मु...
धौलपुर